http://www.wbbseonline.com

GK – HIST(H&E)

# 2018

# HISTORY

**Time – 3 Hours 15 Minutes**

*(First 15 minutes for reading the question paper only)*

**Full Marks – 90 For Regular Candidates**

**Full Marks – 100 For External Candidates**

*Special credit will be given for answers which are brief and to the point. Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.*

केवल वर्ष 2018 में प्रथमबार परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए एवं 2017 में प्रथमबार असफल (कन्टीनुइंग, कम्पार्टमेण्टल, वाह्य कम्पार्टमेण्टल एवं ई.डब्ल्यू.) परीक्षार्थियों के लिए ।

## (नया पाठ्यक्रम)

### विभाग 'क'

1. सही उत्तर चुनकर लिखिए : 1×20=20

1.1 'जीवनेर झारापाता' ग्रन्थ है —

(क) एक उपन्यास (ख) एक काव्यग्रन्थ

(ग) एक जीवनी (घ) एक आत्मकथा

1.2 'सोमप्रकाश' था —

(क) दैनिक समाचारपत्र (ख) साप्ताहिक पत्रिका

(ग) पाक्षिक पत्रिका (घ) मासिक पत्रिका

[Turn over

http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com



1.3 'नीलदर्पण' के अंग्रेजी अनुवाद के प्रकाशक थे —

(क) कालीप्रसन्न सिंह

(ख) माइकल मधुसूदन दत्त

(ग) हरिश्चन्द्र मुखोपाध्याय

(घ) रेव. जेम्स लांग

1.4 सतीप्रथा बन्द हुई —

(क) 1828 ई. में (ख) 1829 ई. में

(ग) 1830 ई. में (घ) 1856 ई. में

1.5 सर्वधर्म समन्वय के आदर्श का प्रचार किये थे —

(क) विजयकृष्ण गोस्वामी

(ख) स्वामी विवेकानन्द

(ग) श्रीरामकृष्ण

(घ) केशवचन्द्र सेन

1.6 कोल विद्रोह (1831-32) हुआ था —

(क) मेदिनीपुर में (ख) झाड़ग्राम में

(ग) छोटानागपुर में (घ) रांची में

1.7 भारत में प्रथम जंगल नियम पारित हुआ था —

(क) 1859 ई. में (ख) 1860 ई. में

(ग) 1865 ई. में (घ) 1878 ई. में

1.8 1857 ई. की क्रांति को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहे थे —

(क) रमेशचन्द्र मजूमदार

(ख) सुरेन्द्रनाथ सेन

(ग). बिनायक दामोदर सावरकर

(घ) दादाभाई नौरोजी



http://www.wbbseonline.com

1.9 भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी का शासन समाप्त हुआ —
(क) 1857 ई. में (ख) 1858 ई. में
(ग) 1919 ई. में (घ) 1947 ई. में

1.10 भारत सभा के प्रथम सभापति (अध्यक्ष) थे —
(क) सुरेन्द्रनाथ बंद्योपाध्याय
(ख) आनन्द मोहन बोस
(ग) रेव. कृष्णमोहन बंद्योपाध्याय
(घ) शिवनाथ शास्त्री

1.11 बांग्ला भाषा में प्रथम छपी पुस्तक थी —
(क) वर्णपरिचय
(ख) बंगला भाषा का एक व्याकरण
(ग) गंगल समाचार मतियर
(घ) अन्नदामंगल

1.12 'इन्डियन एसोसिएसन फार द कल्टीवेशन आफ साइंस' के प्रथम नोबल पुरस्कार पाने वाले वैज्ञानिक थे —
(क) जगदीशचन्द्र बसु (ख) सी. वी. रमन
(ग) प्रफुल्लचन्द्र राय (घ) सत्येन्द्रनाथ बसु

1.13 बायकाट आन्दोलन से आर्थिक रूप से प्रभावित हुए थे —
(क) बंगाल के कृषक (ख) मध्यमवर्गीय लोग
(ग) जमींदार (घ) छात्र



http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com



1.14 बाबा रामचन्द्र ने कृषक आन्दोलन को नेतृत्व दिया था —
(क) बिहार में
(ख) संयुक्त प्रान्त (यूनाइटेड प्राविंस) में
(ग) राजस्थान में
(घ) महाराष्ट्र में

1.15 रम्पा जनजातीय विद्रोह संघटित हुआ था —
(क) मालाबार अंचल में
(ख) कोंकण तटीय क्षेत्र में
(ग) उड़ीसा में
(घ) गोदावरी घाटी में

1.16 'नारी कर्म मन्दिर' की स्थापना की थीं —
(क) उर्मिला देवी (ख) बासन्ती देवी
(ग) कल्पना दत्त (घ) लीला राय (नाग)

1.17 सूर्यसेन द्वारा स्थापित आन्दोलनकारी समूह जाना जाता है —
(क) अनुशीलन समिति
(ख) गदर पार्टी
(ग) भारतीय रिपब्लिकन बल
(घ) बंगाल वालन्टियर्स

1.18 दलित को 'हरिजन' किसने कहा था —
(क) ज्योतिबा फूले (ख) नारायण गुरु
(ग) गांधीजी (घ) डा. अम्बेदकर

1.19 स्वतंत्र भाषा पर आधारित राज्य आन्ध्रप्रदेश किस वर्ष बना —
(क) 1947 ई. में (ख) 1950 ई. में
(ग) 1953 ई. में (घ) 1955 ई. में

1.20 गोवा भारत का एक अंग बना —
(क) 1947 ई. में (ख) 1956 ई. में
(ग) 1961 ई. में (घ) 1971 ई. में



http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com



## विभाग 'ख'

2. नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक उपविभाग से कम से कम एक एक करके कुल 16 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) : 1×16=16

### उपविभाग : 2.1

एक वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×4=4

(2.1.1) किस ऐतिहासिक घटना की पृष्ठभूमि में 'भारतमाता' चित्र अंकित है ?

(2.1.2) अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (1920) कहाँ स्थापित हुई थी ?

(2.1.3) फारवर्ड ब्लाक की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?

(2.1.4) मतुआ संप्रदाय के संस्थापक कौन थे ?

### उपविभाग : 2.2

सत्य या असत्य निर्णय कीजिए : 1×4=4

(2.2.1) मध्यमवर्गीय शिक्षित बंगालियों को नृत्य के लिए उदयशंकर ने उत्साहित किया था ।

(2.2.2) भारत सभा ने इलबर्ट बिल का विरोध किया था ।

(2.2.3) फराजी एक प्राचीन जनजाति का नाम है ।

(2.2.4) बांग्ला में लाइनोटाइप को विद्यासागर ने प्रस्तावित किया था ।

### उपविभाग : 2.3

स्तम्भ 'A' को स्तम्भ 'B' से मिलाइये : 1×4=4

| | स्तम्भ 'A' | | स्तम्भ 'B' |
|---|---|---|---|
| (2.3.1) | जवाहरलाल नेहरु | (1) | असहयोग आन्दोलन |
| (2.3.2) | वीरेन्द्र नाथ शासमल | (2) | पूना समझौता (1932) |
| (2.3.3) | कालीप्रसन्न सिंह | (3) | "पिता का पुत्री को पत्र" |
| (2.3.4) | डा. अम्बेदकर | (4) | हुतोम पेंचार नक्शा |



http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com



### उपविभाग : 2.4

दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को चिह्नित एवं नामांकित कीजिए : 1×4=4

(2.4.1) चुआर विद्रोह क्षेत्र

(2.4.2) मुन्डा विद्रोह क्षेत्र

(2.4.3) 1857 के विद्रोह का केन्द्र — झाँसी

(2.4.4) देशीय राज्य जूनागढ़ http://www.wbbseonline.com

**अथवा**

**(केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए)**

रिक्त स्थानों की पूर्ति करें : 1×4=4

(2.4.1) फोर्ट विलियम कालेज की स्थापना ______ ई. में हुयी ।

(2.4.2) ______ बारासात विद्रोह के नेता थे ।

(2.4.3) प्रफुल्लचन्द्र राय ______ के प्रोफेसर थे ।

(2.4.4) ______ 'मास्टरदा' के नाम से जाने जाते थे ।

### उपविभाग : 2.5

निम्नलिखित कथनों की सही व्याख्या चुनकर लिखिए : 1×4=4

(2.5.1) कथन : उन्नीसवीं शताब्दी का बंगाल नवजागरण सूत्र सीमित था ।

व्याख्या 1 : क्योंकि बंगाल में नवजागरण केवल गाँव में हुआ था ।

व्याख्या 2 : क्योंकि यह नवजागरण केवल मात्र साहित्यिक क्षेत्र में सीमित था ।

व्याख्या 3 : क्योंकि यह नवजागरण केवल मात्र पाश्चात्य शिक्षित प्रगतिशील समाज के मध्य तक सीमित था ।



http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com



(2.5.2) कथन : अंग्रेजी सरकार ने अधिनियम III 1872 में पास किया था ।

व्याख्या 1 : इसका उद्देश्य हिन्दू, मुसलमान एवं ईसाई समाज को संगठित करना था ।

व्याख्या 2 : इसका उद्देश्य जनसाधारण की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक उन्नति करना था ।

व्याख्या 3 : इस अधिनियम का उद्देश्य बालविवाह एवं बहुविवाह को बन्द करना एवं विधवाविवाह को कानूनी सिद्ध करना ।

(2.5.3) कथन : रवीन्द्रनाथ उपनिवेशिक शिक्षा पसन्द नहीं करते थे ।

व्याख्या 1 : क्योंकि, यह शिक्षा खर्चीली थी ।

व्याख्या 2 : क्योंकि, शिक्षा व्यवस्था का माध्यम मातृभाषा थी ।

व्याख्या 3 : क्योंकि, इस व्यवस्था से छात्रों का मानसिक विकास नहीं होता था ।

(2.5.4) कथन : सरलादेवी चौधरानी ने लक्ष्मी भंडार की स्थापना की थी ।

व्याख्या 1 : विदेशी सामान बेचने के लिए ।

व्याख्या 2 : आन्दोलनकारी महिलाओं की सहायता के लिए ।

व्याख्या 3 : स्वदेशी सामानों को बेचने के लिए ।



http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com



## विभाग 'ग'

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर केवल **दो** या **तीन** वाक्यों में दीजिए (कोई **ग्यारह**) : 2×11=22

3.1 परिवेश के इतिहास का क्या महत्व है ?

3.2 स्मृतिकथा अथवा आत्मकथा को आधुनिक भारतीय इतिहास के श्रोत के रूप में किस प्रकार व्यवहार किया जाता है ?

3.3 'मैकाले मिनिट' क्या है ?

3.4 सामाजिक सुधार में यंगबंगाल की क्या भूमिका थी ?

3.5 दूधू मियाँ को क्यों याद किया जाता है ?

3.6 नील विद्रोह में हरिश्चन्द्र मुखोपाध्याय की क्या भूमिका थी ?

3.7 'महारानी के घोषणापत्र' (1858) का मूल उद्देश्य क्या था ?

3.8 कार्टून चित्र खींचने के क्या उद्देश्य हैं ?

3.9 बंगाल में छापाखाना के विकास में पंचानन कर्मकार की क्या भूमिका थी ?

3.10 बंगाली छापाखाना के इतिहास में बटाला प्रकाशन का क्या महत्व है ?

3.11 'एका' आन्दोलन क्यों शुरु हुआ ?

3.12 बारदौली सत्याग्रह आन्दोलन क्यों शुरु हुआ ?

3.13 एन्टी सर्कुलर सोसाइटी किस उद्देश्य से स्थापित की गयी ?

3.14 दीपाली संघ क्यों स्थापित किया गया ?

3.15 किन परिस्थितियों में काश्मीर के शासक हरी सिंह भारत के अधीन संधि पर हस्ताक्षर किये थे ?

3.16 राज्य पुनर्गठन आयोग (1953) क्यों गठित हुआ था ?



http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com


## विभाग 'घ'

4. निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर सात या आठ वाक्यों में दीजिए । (प्रत्येक उपविभाग से एक प्रश्न का उत्तर दीजिए । कुल छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।) : 4×6=24

### उपविभाग : घ.1

4.1 "हुतोम पेंचार नकशा" ग्रन्थ उन्नीसवीं शताब्दी के बंगाली समाज का किस प्रकार का चित्र प्रस्तुत करता है ?

4.2 इस देश के चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में कलकत्ता मेडिकल कालेज की क्या भूमिका थी ?

### उपविभाग : घ.2

4.3 उपनिवेशिक सरकार ने किस उद्देश्य से जंगल कानून लागू किया ?

4.4 1857 के महाविद्रोह को क्या सामन्त श्रेणी विद्रोह कहा जा सकता है ?

### उपविभाग : घ.3

4.5 बंगाली छापाखाना के विकास में गंगाकिशोर भट्टाचार्य का क्या योगदान था ?

4.6 श्रीरामपुर मिशन प्रेस किस प्रकार एक अग्रणी मुद्रण प्रेस के रूप में परिणत हुआ ?

### उपविभाग : घ.4

4.7 संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 1947 में देश विभाजन के पश्चात उत्पन्न शरणार्थी समस्या ।

4.8 हैदराबाद राज्य किस प्रकार भारत के अधीन हुआ ?


http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com


## विभाग 'ङ'

5. किसी एक प्रश्न का उत्तर पन्द्रह या सोलह वाक्यों में दीजिए : 8×1=8

5.1 बंगाल में उन्नीसवीं शताब्दी में समाज सुधार आन्दोलन में विभिन्न ब्रह्म समाजों की क्या भूमिका थी ?

5.2 मानव, प्रकृति एवं शिक्षा के समन्वय में रवीन्द्रनाथ टैगोर के विचारों का वर्णन कीजिए ।

5.3 बीसवीं शताब्दी में भारत में उपनिवेश विरोधी आन्दोलन में वामपन्थियों की भूमिका का उल्लेख कीजिए ।

## (केवल मात्र बाह्य परीक्षार्थियों के लिए)

## विभाग 'च'

6.1 एक पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए (कोई चार) : 1×4=4

6.1.1 आत्मीय सभा की स्थापना किसने की थी ?

6.1.2 'हूल' शब्द का क्या अर्थ है ?

6.1.3 भारत सभा के किसी एक संस्थापक का नाम लिखिये ।

6.1.4 'बसु विज्ञान मन्दिर' की स्थापना किसने की ?

6.1.5 'सरदार' उपाधि से विभूषित कौन थे ?

6.1.6 'गांधीबूढ़ि' किसे कहा जाता है ?

6.2 दो या तीन वाक्यों में नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई तीन) : 3×2=6

6.2.1 मधुसूदन गुप्त क्यों याद किये जाते हैं ?

6.2.2 कोल विद्रोह (1831-32) का क्या कारण था ?

6.2.3 'हिन्दू मेला' की स्थापना के दो उद्देश्य लिखिए ।

6.2.4 मोपला विद्रोह क्यों हुआ था ?

6.2.5 प्रीतिलता वाद्देदार क्यों स्मरणीय हैं ?


http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com
http://www.wbbseonline.com
http://www.wbbseonline.com
http://www.wbbseonline.com